# बरसात से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश

## संभागीय आयुक्त खत्री ने संभाग के जिला कलेक्टरों और नगर निगम आयुक्त को जारी किए दिशा-निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 मई।** आगामी मानसून (बरसात) और संभावित बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखकर संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने सभी एहतियाती उपाय करने के निर्देश संभाग के सभी जिलों के कलेक्टरों एवं ग्वालियर नगर निगम आयुक्त को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बरसात से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। वर्षा ऋतु के दौरान जनहानि और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं प्राथमिकता से सुनिश्चित करने पर उन्होंने विशेष जोर दिया है।

संभाग आयुक्त खत्री ने पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि संभाग के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर स्कूलों और जर्जर भवनों का सर्वे कराएं। साथ ही जीर्णशीर्ण भवनों में कक्षाएँ कदापि न लगाई जाएं और किसी भी संभावित दुर्घटना को रोकने के लिये पुख्ता इंतजाम किए जाएं। ऐसे क्षेत्र जहाँ बरसात के दौरान पहुंच बाधित हो सकती है, वहां पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न की उपलब्धता रखने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं।

संभाग के सभी जिलों में तालाबों के वेस्ट वीयर की साफ-सफाई कराने तथा वहाँ मौजूद अतिक्रमण हटाने के निर्देश संभाग आयुक्त द्वारा दिए गए हैं। यह कार्रवाई पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सिंचाई विभाग सहित सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा बनाए गए तालाबों पर लागू होगी। संभाग आयुक्त ने कहा है कि जिन शहरों से नदी-नाले गुजरते हैं, वहाँ पिछले वर्षों के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की जाएं। साथ ही आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर उसकी जानकारी संभागीय कार्यालय को भेजें।

## लापरवाही करने पर उपायुक्त एवं करसंग्रहक को नोटिस जारी

**ग्वालियर, 22 मई।** सम्पत्तिकर नामांकन के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नहीं किये जाने पर निगमायुक्त संघ प्रिय ने उपायुक्त श्री मुकेश बंसल एवं करसंग्रहक विवेक चतुर्वेदी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार वार्ड 48 स्थित मामा का बाजार निवासी श्रीमती ममता गोयल, श्री संजय गोयल एवं श्री माधव गोलय द्वारा दिनांक 27 मई 2025 को सम्पत्तिकर पंजी में नामांकन हेतु 2 आवेदन प्रस्तुत किये थे। उक्त प्रकरणों के निराकरण में सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरती गई तथा समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित नहीं किया गया। जिसके चलते निगमायुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा उपायुक्त सम्पत्तिकर दक्षिण विधानसभा श्री मुकेश बंसल के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु एवं करसंग्राहक वार्ड 48 विवेक चतुर्वेदी की वेतनवृद्धि रोके जाने की कार्यवाही हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# रातभर चली कॉम्बिंग गश्त, 249 वारंटी गिरफ्तार

## 303 अपराधियों की कुंडली खंगाली

**ग्वालियर, 22 मई।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आदतन अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस ने एक बार फिर बड़ा क्रैकडाउन किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर, धर्मवीर सिंह के निर्देशन में 21 और 22 मई की दरमियानी रात पूरे जिले (शहर व देहात) में ताबड़तोड़ कॉम्बिंग गश्त चलाई गई। इस महाभियान के दौरान पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 249 फरार व गिरफ्तारी वारंटियों को दबोच लिया, वहीं 303 गुंडों और हिस्ट्रीशीटरों के ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें चेक किया।

**सड़कों पर उतरे आला अधिकारी, एसएसपी ने खुद संभाला मोर्चा :** अपराधियों में खौफ पैदा करने के लिए पुलिस के आला अधिकारी खुद भारी पुलिस बल के साथ आधी रात को सड़कों पर उतरे। इस दौरान अति. पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल, अति. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम/ अपराध) सुमन गुर्जर, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जयराज कुबेर, और प्रशिक्षु अधिकारी मनोज कुमार सहित जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल गश्त की। खुद धर्मवीर सिंह ने शहर के कई इलाकों में घूमकर इस कॉम्बिंग गश्त का जायजा लिया और फील्ड में तैनात जवानों का हौसला बढ़ाया। पुलिस टीमों ने रातभर संवेदनशील इलाकों, गली-मोहल्लों में दबिश देने के साथ बैंक एटीएम, होटल, लॉज, धर्मशाला और ढाबों की भी सघन चेकिंग की।



### अंधाधुंध फायरिंग करने वाले दो इनामी बदमाश दबोचे

**ग्वालियर।** ग्राम सहोना में हनुमान मंदिर के पास हुई जानलेवा वारदात का पुलिस ने खुलासा कर सभी आरोपियों को हथियार सहित दबोच लिया, अन्य साथियों की तलाश जारी है। ग्राम सहोना में हनुमान मंदिर डीपी के पास स्थित कृषि भूमि को जोतने को लेकर आरोपी और फरियादी के बीच पुराना विवाद चल रहा था। 17 मई की शाम फरियादी अमरेश अपने ताऊ के लड़के श्रीनिवास शर्मा के साथ घर के बाहर बैठा था। आरोपी अरुण जाट और अनिकेत जाट 12 बोर की बंदूकें लेकर आए और गाली-गलौज करते हुए सीधे जानलेवा फायर कर दिए। गोली के छर्रे लगने से श्रीनिवास शर्मा की कलाई और अमरेश के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं, जिनका डबरा सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। पिछोर पुलिस टीम ने घटना के दो मुख्य आरोपियों को घटना में प्रयुक्त अवैध बंदूकों और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों ने वारदात के दौरान फरियादी और उसके भाई पर जान से मारने की नियत से सीधे 12 बोर की बंदूक से फायर झोंके थे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पिछोर उपनिरीक्षक शिवम राजावत के नेतृत्व में एक विशेष टीम फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि जानलेवा हमले के मामले में वांछित मुख्य आरोपी अरुण जाट अपने साथी मनजित उर्फ मनोज पुरी के साथ सिंहपुर रोड की तरफ खड़ा है। सूचना मिलते ही पिछोर पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर दोनों संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क पुलिस बल ने घेराबंदी कर हनुमान मंदिर के पास दोनों को धर दबोचा।

# ट्रेन बेपटरी और धुएं के बीच 60 यात्रियों का रेस्क्यू

## स्टेशन पर हाई-प्रोफाइल संयुक्त मॉक ड्रिल, एनडीआरएफ, रेलवे और जिला प्रशासन रहा मुस्तैद





**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 मई।** उत्तर मध्य रेलवे द्वारा रेल संरक्षा एवं आपदा प्रबंधन तैयारियों को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर एक वृहद और हाई-प्रोफाइल संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। एनडीआरएफ की विशेष टीम और जिला प्रशासन की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर की गई इस कवायद का मुख्य उद्देश्य किसी भी संभावित रेल हादसे या आपात स्थिति में त्वरित राहत कार्य की दक्षता को जांचना और विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल को मजबूत करना था।

इस मॉक ड्रिल को पूरी सटीकता से जमीन पर उतारने के लिए एक दिन पहले यानी 21 मई को ग्वालियर स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण 'टेबल टॉप मीटिंग' आयोजित की गई थी। इस उच्च स्तरीय बैठक में एसडीएम ग्वालियर सिटी प्रदीप शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक (इंदरगंज) अवर मुख्य चिकित्सा अधिकारी हिमांशु शर्मा, एसडीआरएफ प्रतिनिधि धर्मेंद्र वर्मा, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी ओ पी सिंह, एडीआरएम झांसी नंदीश शुक्ला और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में संभावित आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की रणनीति, विभागीय समन्वय तथा उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई थी।

**'स्पेशल ट्रेन बेपटरी, बोगी में भरा धुआं' ऐसे चला लाइव रेस्क्यू**

शुक्रवार को स्टेशन पर मॉक ड्रिल के दौरान गाड़ी संख्या 01103 डाउन स्पेशल (काल्पनिक) के एक कोच के पटरी से उतरने (डिरेलमेंट) तथा उसमें अचानक भीषण धुआं भरने की काल्पनिक स्थिति (सिचुएशन) तैयार की गई। इस परिकल्पित घटना में लगभग 60 यात्रियों के प्रभावित होने का अनुमान लगाया गया, जिसमें गंभीर हालात को दर्शाने के लिए एक व्यक्ति की मौत, पांच यात्रियों के गंभीर रूप से घायल और तीन के सामान्य रूप से घायल होने का परिदृश्य रचा गया। हूटर बजते ही राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचे। एनडीआरएफ और तकनीकी टीमों ने आधुनिक उपकरणों की मदद से कोच को काटकर फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला, उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और एम्बुलेंस के माध्यम से तुरंत अस्पताल भेजने का सफल अभ्यास किया।

**एनडीआरएफ सहित 150 से अधिक जवानों ने संभाला मोर्चा**

इस बड़े संयुक्त अभ्यास में एनडीआरएफ कमांडेंट कुनाल तिवारी के नेतृत्व में टीम के 32 जांबाज सदस्यों ने मुख्य मोर्चा संभाला। इसके साथ ही रेलवे मुख्यालय और झांसी मंडल के शीर्ष अधिकारी, जिनमें सीएमपीई , डिप्टी सीएसओ (मैकेनिकल), सीनियर डीएमई, सीनियर डीएसटीई, डिप्टी सीई ग्वालियर और एडीईएन ग्वालियर सहित कई अधिकारी व सुपरवाइजर ग्राउंड जीरो पर मौजूद रहे।

**इन विभागों की रही सक्रिय सहभागिता:** इस पूरी एक्सरसाइज में रेलवे के विभिन्न तकनीकी विभागों, फायर ब्रिगेड, स्काउट एवं गाइड, सिविल पुलिस, जिला चिकित्सा विभाग, जीआरपी और आरपीएफ सहित विभिन्न सुरक्षा और राहत एजेंसियों के लगभग 150 से

**अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय भूमिका निभाई**

मॉक ड्रिल के समापन पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी ने अभ्यास के आयोजन की घोषणा की और संकट के समय बेहतरीन रिस्पांस टाइम दिखाने के लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयासों की सराहना की।

# गाड़ी टकराने पर युवक को घायल कर भागे बदमाश

## फालका बाजार में बीच सड़क पर गुंडागर्दी, इंदरगंज थाने में मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 मई।** शहर के पॉश और व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्र इंदरगंज थाना अंतर्गत फालका बाजार में शुक्रवार को सरेराह गुंडागर्दी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। राम मंदिर के पास महज गाड़ी टकराने की मामूली बात पर तीन युवकों ने एक 20 वर्षीय युवक की बेरहमी से धुनाई कर दी। आरोपियों में से एक ने हाथ में पहने भारी कड़े से युवक के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गया। व्यस्त सड़क पर बीच बचाव करने की बजाय लोग तमाशबीन बने रहे। सूचना मिलते ही जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

**मामूली बात पर भड़का विवाद, कड़े से किया सिर पर वार**

जानकारी के अनुसार, हनुमान नगर (फालका बाजार) निवासी कृष्णा खटीक (20) पुत्र प्रेमबाबू खटीक अपनी गाड़ी से बाजार की तरफ जा रहा था। इसी दौरान राम मंदिर के पास सामने से आ रही एक बाइक से उसकी गाड़ी की मामूली सी टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार तीनों युवक आगबबूला हो गए और नीचे उतरकर कृष्णा के साथ गाली-गलौज करने लगे। कृष्णा ने जब विरोध किया, तो विवाद इतना बढ़ गया कि तीनों ने उसे सड़क पर पटक दिया और लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच, एक आरोपी ने अपने हाथ में पहने भारी कड़े से कृष्णा के सिर पर दे मारा। सिर फट जाने से खून बहने लगा और कृष्णा सड़क पर ही तड़पने लगा।

जिस समय यह खूनी संघर्ष चल रहा था, फालका बाजार जैसे व्यस्त इलाके में लोगों का मजमा लग गया। बीच सड़क पर मारपीट देखकर राहगीर और दुकानदार अपनी जगह खड़े हो गए, लेकिन कानून-व्यवस्था को धता बता रहे बदमाशों को रोकने की हिम्मत किसी ने नहीं दिखाई।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना इंदरगंज थाना पुलिस को दी। हालांकि, जब तक पुलिस की पीसीआर वैन मौके पर पहुंचती, तब तक आरोपी युवक पीड़ित को धमकी देते हुए वहां से रफूचक्कर हो चुके थे। पुलिस ने घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

पीड़ित कृष्णा खटीक ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि वह आरोपियों के नाम नहीं जानता है, लेकिन उनमें से कुछ युवक फालका बाजार स्थित ही एक पाइप की दुकान पर काम करते हैं। पुलिस अब इस इनपुट के आधार पर दुकानदारों से पूछताछ कर रही है।

**इनका कहना है...**

पीड़ित कृष्णा खटीक की शिकायत पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। हुलिए और पाइप की दुकान वाले सुराग के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

**-दीप्ति तोमर,**
थाना प्रभारी, इंदरगंज

## अजाक्स ने किया नवनियुक्त अध्यक्ष सिसोदिया का स्वागत



**ग्वालियर, 22 मई।** मप्र उच्च शिक्षा विभाग ने प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति विषय के लिए केंद्रीय अध्ययन मंडल का गठन किया गया है जिसमें जीविवि की प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययन शाला के प्रोफेसर डॉ शांतिदेव सिसोदिया को मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति के आदेश पर मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राचीन इतिहास अध्ययन मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर मप्र अजाक्स शाखा ग्वालियर के द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ सिसोदिया का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में अजाक्स के प्रदेश संयुक्त सचिव शैलेन्द्र कदम, संभागीय अध्यक्ष के बी दोहरे, संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जाटव, जिलाध्यक्ष विजय पिपरोलिया, उपाध्यक्ष वीरेंद्र जयंत, जिला सचिव राजेंद्र पक्षबार, कोषाध्यक्ष मनीराम काटोरिया, सचिव फूलसिंह बमरौलिया, वीरेंद्र गोयल आदि प्रमुख है।

# अजाक्स प्रांताध्यक्ष मौर्य ने सीएम का जताया आभार



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 मई।** बढ़ती वैश्विक महंगाई के बीच मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य के लाखों कर्मचारियों-अधिकारियों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने महंगाई भत्ता (डीए) 55 फीसदी से बढ़ाकर 58 फीसदी का निर्णय लिया है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से लागू की गई है।

म.प्र. अजाक्स के प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य ने इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र के समान डीए की मांग को लेकर अजाक्स पिछले 6 माह से लगातार शासन से पत्राचार कर रहा था। मुख्यमंत्री यादव ने कर्मचारियों की पीड़ा को समझा और यह कर्मचारी-हितैषी निर्णय लिया। इससे प्रदेश के लगभग 7 लाख से अधिक कर्मचारी व 4.5 लाख पेंशनरों को सीधा लाभ मिलेगा।

चौ. मौर्य ने कहा कि डीए वृद्धि स्वागत योग्य है, पर अजाक्स की लड़ाई अभी बाकी है। पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग के 1 लाख से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति, पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हमें उम्मीद है मुख्यमंत्री इन मांगों पर भी जल्द सकारात्मक निर्णय लेंगे।

अजाक्स ने प्रदेश के सभी कर्मचारी संगठनों से अपील की है कि वे शासन के इस फैसले का स्वागत करें और एकजुट होकर शेष मांगों के लिए सकारात्मक प्रयास करें।

# आईटीएम में 'टीबी की प्रारंभिक पहचान एवं रोकथाम' विषय पर कार्यशाला आयोजित

## संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूकता के माध्यम से टीबी की रोकथाम संभव है : डॉ . आशुतोष



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 मई।** आईटीएम यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ नर्सिंग साइंस के वेलनेस हेल्थ क्लब द्वार 'टीबी की प्रारंभिक पहचान एवं रोकथाम' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. आशुतोष शर्मा (नोडल अधिकारी, एनआरसी ग्वालियर) शामिल हुए। इस अवसर पर स्कूल ऑफ नर्सिंग साइंस की डीन प्रोफेसर डॉ. मिनी अनिल, एचओडी डॉ. राकेश कुमार ढाका सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन डॉ. पल्लवी सिन्हा द्वारा किया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. आशुतोष शर्मा (नोडल अधिकारी, एनआरसी ग्वालियर) ने टीबी जैसी गंभीर संक्रामक बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समय रहते टीबी की पहचान और उचित उपचार से इस बीमारी को पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। अपने व्याख्यान में उन्होंने टीबी के शुरुआती लक्षणों जैसे लगातार खांसी, वजन कम होना, बुखार, रात में पसीना आना तथा कमजोरी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि यदि किसी व्यक्ति में दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी बनी रहती है तो तुरंत चिकित्सकीय जांच कराना आवश्यक है। कार्यशाला में डीन प्रोफेसर डॉ. मिनी अनिल ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान और उसके प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता, नियमित स्वास्थ्य जांच और सही उपचार के माध्यम से इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

वहीं इससे पहले स्कूल ऑफ नर्सिंग साइंस के एचओडी डॉ. राकेश कुमार ढाका द्वारा मुख्यवक्ता डॉ. आशुतोष शर्मा को सैंपलिंग भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य टीबी प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाना रहा। कार्यशाला के दौरान हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया, जिसका संचालन डॉ. पल्लवी सिन्हा द्वारा किया गया। इस सत्र में उन्होंने प्रतिभागियों को व्यावहारिक रूप से टीबी प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने टीबी की जांच प्रक्रिया, रोगी देखभाल, संक्रमण से बचाव के उपाय तथा उपचार प्रबंधन से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं को सरल तरीके से समझाया।




# जनगणना में लापरवाही पर प्रभारी क्षेत्राधिकारी का वेतन राजसात

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 मई।** जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर अनिल श्रीवास्तव, विनियमित (कुशल) कार्यरत प्रभारी क्षेत्राधिकारी, क्षेत्र क्रमांक 14 का आगामी एक माह का वेतन राजसात किया है।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा जारी आदेशानुसार 01 मई 2026 से पूर्व प्रत्येक वार्ड में जनगणना ब्लॉक बनाने का कार्य क्षेत्राधिकारी सह चार्ज अधिकारी जनगणना के निर्देशन में किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-14 के प्रत्येक वार्ड में जनगणना ब्लॉक बनाने का कार्य श्री अनिल श्रीवास्तव, विनियमित (कुशल) कार्यरत प्रभारी क्षेत्र अधिकारी, क्षेत्र क्रमांक 14 के निर्देशन में किया गया है। संज्ञान में यह तथ्य आया है कि सचिन तेंदुलकर मार्ग के निकट के क्षेत्र गोंविदपुरी में ब्लॉक बनाने का कार्य श्री श्रीवास्तव द्वारा नियमानुसार नहीं किया जाकर तय सीमा से कई गुना अधिक घरों का जनगणना ब्लॉक बनाया गया है।

उक्त त्रुटी के कारण जनगणना का कार्य विधिवत शुरू नहीं हो सका तथा ब्लॉक बनाने का कार्य दोबारा करना पड़ा। उक्त संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 12.05.2026 जारी किया गया था। श्री श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 16.05.2026 को जवाब प्रस्तुत किया गया, जो संतोषप्रद नहीं पाया गया।

अतः कार्य में लापरवाही बरते जाने के परिणामस्वरूप श्री अनिल श्रीवास्तव, विनियमित (कुशल) कार्यरत प्रभारी क्षेत्राधिकारी, क्षेत्र क्रमांक 14 सह चार्ज अधिकारी जनगणना का आगामी 01 माह का वेतन (माह मई 2026 पेड इन जून 2026) राजसात किया जाता है।

# सभापति ने दिव्यांगजनों को बांटी ट्राइसाइकिल

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 मई।** सभापति मनोज तोमर के द्वारा 02 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एवं हेलमेट का वितरण किया गया। ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांगजनों को बेहद खुशी हुई, क्योंकि दिव्यांग होने के कारण यह सभी जन चलने में लगभग असमर्थ थे। अब वह बिना किसी सहारे के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

इस अवसर पर भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशा सिंह, सेवार्थ जन कल्याण समिति तथा व्हीलचेयर एवं फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ओपी दीक्षित, संगठन सचिव इंजीनियर जे.पी. नामदेव की गरिमामयी में उपस्थिति रही। आमखो स्थित अपने निज निवास कार्यालय से सभापति मनोज तोमर द्वारा आज शुक्रवार को दिव्यांग हितग्राही प्रताप नागर एवं सुनील जाटव को ट्राई साइकिल का निशुल्क वितरण किया गया। मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल मिल जाने से यह लोग अब बिना किसी के आश्रित हुए अपनी मर्जी से शहर में कहीं भी आ जा सकते हैं। इसके साथ ही यह अपना छोटा-मोटा व्यवसाय भी कर सकते हैं।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95